ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**

**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 4

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एचबी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **30 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णत: **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. इनमें से कौन-सी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती?**

(A) जर्मन (B) स्पेनिश

(C) चीनी (D) अंग्रेज़ी

**2. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है?**

(A) प्रेम (B) स्त्री

(C) रक्षा (D) मिट्टी

**3. 'क् + अ + क् + ष् + आ', वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–**

(A) कक्षा

(B) कक्षा

(C) ककक्षा

(D) कक्शा



**4. 'अ, इ, उ, ऋ' कौन से स्वर हैं?**

(A) आगत स्वर (B) ह्रस्व स्वर

(C) दीर्घ स्वर (D) प्लुत स्वर

**5. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?**

(A) कुम्हार (B) हरियाली

(C) यमुना (D) लड़की

**6. किस शब्द का स्त्रीलिंग रूप गलत है?**

(A) सेठ – सेठानी (B) लेखक – लेखिका

(C) मोर – मोरनी (D) युवक – युविका

**7. 'गेंद' शब्द का बहुवचन रूप है–**

(A) गेंदा (B) गेंदे

(C) गेंदें (D) गेंदाँ

**8. 'दूध में .............................. पड़ा है।'**
**इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम शब्द आएगा?**



(A) क्या

(B) कोई

(C) कुछ

(D) कौन

**9. किस शब्द से बना विशेषण शब्द सही है?**

(A) अर्थ – अर्थी (B) उदासी – उदासू

(C) तीन – तेरह (D) प्यास – प्यासा

**10. किस वाक्य में रेखांकित पद क्रिया है?**


(A) <u>झूठ</u> बोलना पाप है। (B) कम सोना भी <u>स्वास्थ्य</u> के लिए अच्छा नहीं होता।

(C) बच्चे मैदान में <u>दौड़ रहे हैं</u>। (D) <u>आप</u> खाना खाकर जाइएगा।

**11. कौन-सा शब्द 'फूल' शब्द का पर्याय है?**

(A) कुसुम (B) शशि

(C) रोहिणी (D) नीर



**12. 'सूर्य .............................. हो या अस्त, मुझे अपना कार्य करते रहना है।' रिक्त स्थान भरने के लिए रंगीन शब्द का विलोम चुनिए।**

(A) निकला (B) उदय

(C) उद्यापन (D) डूबा

**13. 'वाचाल' शब्द के लिए सही वाक्यांश है–**


(A) जिसकी चाल ठीक न हो (B) जिसका चाल-चलन ठीक न हो

(C) जो बहुत बोलता हो (D) जो चल न पाता हो

C:\Users\fmpl\Desktop\OGO_SLE_Papers\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_(03-08-2024)\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_(03-08-2024)\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1
\ 04-Sep-2024 Praveen Kumar Proof-5 Reader's Sign ______________________ Date __________



**14. चित्रों से संबंधित मुहावरा चुनिए–**



(A) आँखें टिमटिमाना

(B) नेत्रों का तारा

(C) आँखों का प्यारा

(D) आँखों का तारा

**15. 'आप कितने बजे तक घर से निकलेंगे', वाक्य के अंत में कौन-सा विराम-चिह्न लगना चाहिए?**

(A) ,

(B) ।

(C) ?

(D) !

**16. 'यह दादा जी की ............................... है।' इस वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए–**

(A) एनक

(B) ऐनक

(C) ऐैनक

(D) ऐनख

**17. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**

(A) प्रभाव

(B) प्रयोग

(C) प्रकाश

(D) प्राक्रम

**18. कौन-सा वाक्य सही है?**

(A) कृपया करके मेरी बात सुनिए।

(B) मेरी बात कृपया करके सुनो।

(C) कृपया मेरी बात सुनिए।

(D) कृपा करके मेरा बात सुनिए।

**19. 'तेरे को ऐसा करने का नहीं।' वाक्य का सही रूप है–**



(A) तुमको ऐसा नहीं करने का।

(B) तेरे को ऐसा नहीं करने का।

(C) तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

(D) तेरे को ऐसा नहीं करना चाहिए।

20. इनमें से कौन-सा ऐतिहासिक स्मारक मुंबई में स्थित है?

(A)

लाल किला

(B)

गेटवे ऑफ़ इंडिया

(C)

विक्टोरिया मेमोरियल

(D)

ताज महल


21. मंगल ग्रह पर जाने वाले इसरो मिशन का क्या नाम था?


(A) द मार्स
(B) मंगलयान
(C) अपोलो–13
(D) मंगलम

22. पं० रवि शंकर से संबंधित वाद्‍य है–

(A)

तबला वादन

(B)

बाँसुरी वादन

(C)

सितार वादन

(D)

गिटार वादन

**23. कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(A) मैं नाश्ता कर लिया हूँ।
(B) हम नाश्ता कर चुके हैं।
(C) मैं नाश्ता कर चुका हूँ।
(D) हमने नाश्ता कर लिया है।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

बहुत समय पहले की बात है। उज्जैन में भोज नामक राजा का राज था। वह बहुत ही पढ़ा-लिखा था। वह पंडितों और विद्वानों का बहुत ही सम्मान करता था। जब उसके पिता की मृत्यु हुई थी, तब उसकी उम्र सात वर्ष थी। इतनी छोटी आयु में उसका राज्याभिषेक होना संभव नहीं था, इसलिए राज्य के मुख्य व्यक्तियों ने सलाह की कि भोज के बड़े होने तक उसके चाचा मनुज राज्य का काम सँभालेंगे। मनुज ने राज करना आरंभ कर दिया, पर कुछ ही दिनों में उसकी नीयत खराब हो गई। अब वह गद्दी छोड़ना नहीं चाहता था। यह तभी संभव था, जब भोज इस दुनिया में न रहे। वह भोज को मारने की योजना बनाने लगा। मनुज का मंत्री नेक और सच्चा आदमी था। जब उसने देखा कि मनुज की नीयत खराब हो रही है, तो उसे भोज पर दया आ गई। वह भोज को बचाने की युक्ति निकालने लगा।

**24. भोज किनका सम्मान करता था?**

(A) वृद्धों का
(B) बच्चों का
(C) पंडितों और विद्वानों का
(D) प्रजा का

**25. राज्य के मुख्य व्यक्तियों ने क्या सलाह की?**

(A) भोज को राजा बनाने की
(B) मनुज को कार्यभार सौंपने की
(C) भोज को मारने की
(D) मनुज को मारने की

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. वर्णों के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**

(A) वर्णों को अंग्रेज़ी में अल्फ़ाबेट (Alphabet) कहा जाता है।
(B) वर्ण दो तरह के होते हैं– स्वर वर्ण तथा व्यंजन वर्ण।
(C) स्वर वर्ण स्वर ध्वनियों के लिए तथा व्यंजन वर्ण व्यंजन ध्वनियों के लिए बनाए गए हैं।
(D) स्वरों का उच्चारण व्यंजनों की मदद से होता है।

**27. शब्द श्रृंखला पूरी कीजिए।**

**निरक्षर – साक्षर; नूतन – ...........................; स्वतंत्र – परतंत्र।**

(A) पुराना (B) प्राचीन
(C) धरोहर (D) पुरातन

**28. किस वाक्य में प्रश्नवाचक-चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है?**

(A) तुम कब आओगे? (B) मेरा नाम रिया है?
(C) क्या तुमने गृहकार्य कर लिया है? (D) वह कब आएगी?

**29. किस वाक्य में मुहावरे का गलत प्रयोग हुआ है?**

(A) नवीन परीक्षा के लिए कमर कसकर बैठा है।
(B) नेहा अपनी माँ की आँखों का तारा है।
(C) पुत्र के चोरी करने से शर्मा जी फूले न समाए।
(D) युद्ध में सैनिकों ने दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिए।

**30. कौन-सा वाक्य वर्तमान काल का नहीं है?**

(A) मैं शिमला में रहता हूँ। (B) हमारा देश 1947 को स्वतंत्र हुआ था।
(C) माता जी प्रतिदिन मंदिर जाती हैं। (D) बच्चे क्रिकेट खेलते हैं।

C:\Users\fmpl\Desktop\OGO_SLE_Papers\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_(03-08-2024)\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_(03-08-2024)\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1
\ 04-Sep-2024 **Praveen Kumar** **Proof-5** Reader's Sign ______________________ Date __________